Roll No. ...................... Total Pages : 4

**MDE/D-21** **9623**

# भाषा-विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

Paper–HI-101

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**टिप्पणी :** दिए गए निर्देशों के अनुसार ही सभी प्रश्न करने हैं।

निम्नलिखित खण्डों में दिए गए प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से **एक-एक** प्रश्न करना है।

## खण्ड-क

1. I. भाषा के अभिलक्षण सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

II. भाषा-विज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके अध्ययन की दिशाएं स्पष्ट कीजिए। 12

## खण्ड-ख

2. I. स्वन-विज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी शाखाओं का परिचय दीजिए।

अथवा

II. स्वन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उनका वर्गीकरण कीजिए। 12

## खण्ड-ग

**3.** I. रूपिम के भेदों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

अथवा

II. रूप-प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए रूपिम की अवधारण स्पष्ट करें। 12

## खण्ड-घ

**4.** I. वाक्य को परिभाषित करते हुए उसके भेद स्पष्ट कीजिए।

अथवा

II. अर्थ की अवधारणा को शब्द के सन्दर्भ में सोदाहरण स्पष्ट करें। 12

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर (250 शब्द प्रत्येक प्रश्न) लिखें :

(क) साहित्य के अध्ययन में भाषा-विज्ञान के महत्त्व को स्पष्ट करें।

(ख) भाषा-विज्ञान के अध्ययन में ऐतिहासिक अध्ययन की महत्ता प्रतिपादित कीजिए।

(ग) हिन्दी के स्वनों की व्यवस्था वर्गीकृत कीजिए।

(घ) भाषा में ध्वनियों के उत्पादन में जिह्वा के महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

(ङ) स्वनों के गुणों में सुर को स्पष्ट करें।

(च) सम्बन्धदर्शी रूपिमों की भूमिका सोदाहरण स्पष्ट करें।

(छ) शब्द और रूप में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ज) वाक्य के सन्दर्भ में अभिहितान्वयवाद की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(झ) वाक्य के विभिन्न अंगों का परिचय दीजिए।

(ञ) अर्थ-परिवर्तन के किसी एक आभ्यंतरिक कारण को सोदाहरण लिखिए। (5×4=20)

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर बिना काट-छांट के स्पष्ट रूप से लिखें :

(क) लूमफील्ड की पुस्तक 'लैंग्वेज' का हिन्दी अनुवाद किस भाषा-वैज्ञानिक ने किया?

(ख) 'भाषा-विज्ञान' की भूमिका किस हिन्दी आचार्य की पुस्तक है?

(ग) 'दि फोनीम: इट्स नेचर एण्ड यूज' किस प्रसिद्ध भाषा-वैज्ञानिक की पुस्तक है?

(घ) यास्काचार्य ने कौन-सा ग्रंथ लिखा है?

(ङ) जब स्वनिम भिन्न स्थितियों में आकर अर्थ-भेद उत्पन्न करते हैं तो उस स्थिति को ................ कहते हैं।

(च) ता, त्व, आई, सु, कु प्रत्यय शब्द से संयुक्त हुए बिना व्यवहार में प्रयोग नहीं हो सकते और इन्हें ................ रूपिम कहा जाता है।

(छ) संस्कृत आचार्य कुमारिल भह ने वाक्य-रचना में कौन-सा सिद्धांत प्रतिपादित किया?

(ज) जटिल वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य होता है तो दूसरा ... .............. उपवाक्य होता है।

(झ) अर्थ-परिवर्तन के कुछ बाह्य कारण होते हैं तो कुछ ......... ........ कारण भी होते हैं।

(ञ) जिन व्यंजनों के उच्चारण से स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है, उन्हें ................. कहा जाता है।

(ट) मान-स्वर कितने हैं?

(ठ) सुनीति कुमार चटर्जी किस राज्य से आते हैं? (1×12=12)